DAV PUBLIC SCHOOLS, BHUBANESWAR

ANNUAL EXAMINATION, 2019-20

CLASS-V

SUB-HIGHER HINDI

TIME-2 Hours **F.M: 50**

सामान्य निर्देश :

- इस प्रश्न पत्र में कुल मुद्रित पृष्ठ 3 हैं।
- इस प्रश्न पत्र में चार खंड और 14 प्रश्न हैं।
- खंड क-8 अंक,खंड ख-10 अंक ,खंड ग-15 अंक और खंड घ -17 अंक के हैं।
- सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
- उत्तर पुस्तिका में वही क्रम संख्या लिखें जो प्रश्न पत्र में दिए गए हैं।
- प्रश्नों के सभी उपभागों के उत्तर साफ़ एवं सुंदर अक्षरों में लिखें ।

खंड -क (पठन -8अंक)

1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (4x1=4)

मानव जीवन के संपूर्ण विकास के लिए पढ़ाई के साथ-साथ खेलों का भी बहुत महत्त्व है। जीवन तभी पूर्ण होता है, जब उसका संपूर्ण विकास हो। विद्या द्वारा बुद्धि का विकास किया जाता है तथा खेलों द्वारा शरीर का। खेलों द्वारा हमारा शरीर सुंदर, मज़बूत व स्वस्थ बनता है। ये हमें शारीरिक व मानसिक दोनों पक्षों से मज़बूत बनाते हैं।स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है क्योंकि जब तक स्वास्थ्य ठीक नहीं होगा, तब तक किसी भी कार्य में मन नहीं लगेगा। अस्वस्थ व्यक्ति सदैव अशांत तथा निर्बल रहता है। उसकी याददाश्त भी कमज़ोर हो जाती है। उसको जीवन नीरस लगने लगता है। इसलिए स्वस्थ शरीर के बिना जीवन का वास्तविक आनंद प्राप्त नहीं किया जा सकता। शरीर और मन को स्वस्थ रखने का एकमात्र उत्तम साधन खेल-कूद है।

प्रश्न

क) मनुष्य के संपूर्ण विकास के लिए क्या ज़रूरी है ?

ख) विद्या और खेलों द्वारा किन-किन चीज़ों का विकास होता है?

ग) खेल हमारे शरीर को कैसा बनाता है?

घ) अस्वस्थ व्यक्ति की पहचान क्या है ?

2. अपठित पद्यांश को ध्यान से पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए । (4x1=4)

यह कदंब का पेड़ अगर माँ, होता यमुना तीरे,
मैं भी उस पर बैठ कन्हैया बनता धीरे-धीरे।
ले देती यदि मुझे बाँसुरी तुम दो पैसे वाली,
किसी तरह नीचे हो जाती यह कदंब की डाली।
तुम्हें नहीं कुछ कहता, पर मैं चुपके-चुपके आता,
उस नीची डाली से अम्मा, ऊँचे पर चढ़ जाता।

प्रश्न

क) बच्चा क्या बनना चाहता है?

ख) बच्चा किस पेड़ पर बैठना चाहता है?

ग) कदंब का पेड़ कहाँ है?

घ) बच्चा माँ से क्या खरीदने के लिए कहता है?

खंड-ख (लेखन-10 अंक)

3. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए । (1x5=5)

क) गणतंत्र दिवस

ख) प्रदूषण

ग) प्रिय त्योहार

4. पूर्ण गणवेश में न आने पर कक्षा अध्यापक को आवेदन पत्र लिखिए । (1x5=5)

अथवा

ठीक समय पर बस न आने पर शिकायत करते हुए परिवहन अधिकारी को पत्र लिखिए ।

खंड-ग (व्याकरण-15 **अंक**)

5. निम्नलिखित शब्दों के बहुवचन विकल्पों में से छाँटकर लिखिए। (3x1=3)

क) किनारा - (कीनारे ,किनारे , किनारें , किनारों)

ख) रानी - (रनियाँ , रानीयाँ , रानियाँ , रानिया)

घ) कन्या - (कन्याए , कनयाओं , कन्याएँ , कन्याओं)

6. निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए सही शब्द छाँटकर लिखिए। (3x1=3)

क) जो आदर करने योग्य हो - अटल , निर्भय , सर्वज्ञ , आदरणीय

ख) जो लोगों में प्रिय हो - नायिका , लोकप्रिय , कवयित्री , निर्दयी

ग) जो टल न सके - अटल , मृदुभाषी , अल्पाहारी , कटुभाषी

7. निम्नलिखित वाक्यों में उचित विशेषण भरिए । (3x1=3)

क) तेंदुलकर --------------- खिलाड़ी है।

ख) स्कूल में -------------- कमरे हैं।

ग) मेज़ पर -------- फूल हैं।

8. निम्नलिखित वाक्यों के सामने सकर्मक या अकर्मक क्रिया पहचानकर लिखिए। (2x1=2)

क) वह पुस्तक पढ़ेगा।

ख) मीता दिन -भर गाती है।

9. निम्नलिखित वाक्यों में सही कारक चिह्न भरिए। (2x1=2)

क) यह मीरा ---------- घर है। (के, से, का, को)

ख) लड़के नदी ------- तैर रहे हैं। (में, ने, से, को)

10. निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखिए। (2x1=2)

क) श्रीगणेश करना

ख) दाँत पीसना

खंड-घ (पाठ्यपुस्तक-17 अंक)

11. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लिखिए । (2x2=4)

क) नभ में बादल आने पर मोर और मेंढक क्या करते हैं?

ख) जाड़े में चाँद का क्या हाल होता है?

ग) गोताखोर कब सफल होता है?

12. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (4x2=8)

क) ताई ने हरित को क्या समझाया?

ख) कलिंग के राजा ने गुप्त बैठक क्यों बुलाई?

ग) फरियादी राजा के पास क्या फरियाद लेकर आया?

घ) खड्गसिंह अगर घोड़ा वापस नहीं करता तो क्या होता?

ङ) बिस्तर पर पड़े-पड़े बेट्टिना की आँखों से आँसू क्यों बहने लगते थे?

च) हरित क्यों उदास दिखाई दे रहा था?

13. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए। (3x1=3)

क) नींद में हरित ------------ पाने का सपना देखता रहा।

ख) बेट्टिना के माता-पिता उसे मालिश करने के लिए ------------ लेकर जाते थे।

ग) घोड़ा देखने में ---------- था।

14. निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखें । (1x2=2)

क) पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने के लिए हमें क्या-क्या करना चाहिए?

ख) क्या आप अपने परिवार के लोगों से हठ(जिद्द) करते हैं? क्या हठ करना अच्छी आदत है?

******